# हरियाणा विधान सभा

# की

# कार्यवाही

23 मार्च, 2005

(प्रथम बैठक)

खण्ड–I, अंक–4

## अधिकृत विवरण

### विषय सूची

बुधवार, 23 मार्च, 2005


| | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| शहीद–ए–आजम सरदार भगत सिंह तथा उनके सहयोगियों को श्रद्धांजलि | (4) 1 |
| स्वतंत्रता सेनानी का अभिनन्दन | (4) 2 |
| सदस्यों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान | (4) 2 |
| 2005–06 के लेखानुदान प्रस्तुत करना (तीन मास अर्थात् अप्रैल, मई तथा जून 2005 के लिए) | (4) 3 |
| 2004–05 के अनुपूरक अनुदान (दूसरी किस्त) पर चर्चा तथा मतदान | (4) 9 |
| अप्रैल से जून, 2005 के लेखानुदानों की मांगों पर चर्चा तथा मतदान | (4) 17 |


मूल्य : [illegible]

# हरियाणा विधान सभा

**बुधवार, 23 मार्च, 2005**

**(प्रथम बैठक)**

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर-1, चण्डीगढ़ में प्रातः 9.30 बजे हुई। अध्यक्ष (सरदार एच०एस० चट्ठा ) ने अध्यक्षता की।

---

## शहीद-ए-आज़म-सरदार भगत सिंह तथा उनके सहयोगियों को श्रद्धांजलि

**श्री अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, अब मुख्यमंत्री जी आजादी के परवानों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

**मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा) :** अध्यक्ष महोदय, पूरा देश आज के दिन को बलिदान दिवस के रूप में मना रहा है। हमारे देश की आजादी के आन्दोलन का इतिहास देशभक्तों और शहीदों के त्याग और बलिदान की अमर कहानी है। ऐसे महान् शहीदों में सरदार भगत् सिंह, राजगुरु और सुखदेव सिंह जी का नाम बड़े आदर मान से लिया जाता है। आज उनका शहीदी दिवस है। यह सदन आजादी के परवानों को अपनी श्रद्धांजलि निम्न शब्दों में अर्पित करता है :—

**"शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले,**
**वतन पर मिटने वालों का यही बाकी निशां होगा।"**

इन महान् शहीदों ने भारत माता को गुलामी की जंजीरों से मुक्त करवाने के लिए अंग्रेजी हकूमत की घोर यातनाएं सही। आज ही के दिन सन् 1931 को हंसते-हंसते उन्होंने फांसी के फंदों को चूमकर अपने जीवन का बलिदान दिया था। उनके बलिदान से आजादी के आन्दोलन को एक नई ताकत मिली थी। उनका बलिदान हमारे स्वतन्त्रता संग्राम के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा रहेगा। इन अमर शहीदों के बलिदानों की अमर गाथा हमें और हमारी आने वाली पीढ़ियों को देश के हित के लिए बड़े से बड़ा बलिदान देने के लिए प्रेरित करती रहेगी। उनके बलिदान की देश भक्ति की ज्वाला हमें सदैव प्रज्वलित रखनी चाहिए ताकि देश की आन-बान और शान को ललकारने वालों को मुंह तोड़ जवाब दिया जा सके। अध्यक्ष महोदय, मैं अपने आपको गर्वान्वित महसूस कर रहा हूं कि शहीद भगत सिंह के परिवार और मेरे परिवार के बीच में घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है। लाला लाजपत राय और शहीद भगत सिंह के परिवार के साथ मेरे दादा जी के घनिष्ठ सम्बन्ध थे। मेरे दादा मातूराम जी को और शहीद भगत सिंह के चाचा को एक ही दिन इकट्ठे काले पानी की सजा हुई थी। उस वक्त पंजाब और हरियाणा में बगावत हो गई थी तो अंग्रेजों को मजबूरन उस सजा को वापिस लेना पड़ा था। स्पीकर सर, जब तक शहीद भगत सिंह की माता जीवित रहीं तब तक उन्होंने मेरे पिता जी को अपना पुत्र माना था। आज उनके भाईयों में से कोई भी हमारे बीच में नहीं है। शहीद भगत सिंह जी के भाई सरदार कुलतार सिंह जी भी हमारे बीच में नहीं रहे हैं। उनके पूरे परिवार ने आजादी की लड़ाई में कड़ा संघर्ष किया है। मेरा माननीय साथियों से अनुरोध है कि वे दो मिनट का मौन धारण करके उन महान् शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करें क्योंकि जिस

[श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा]
देश की कौमें अपने शहीदों को और स्वतन्त्रता सेनानियों को याद रखती हैं वे ही प्रगति करती हैं और जो उनको भूल जाती हैं वे कभी प्रगति नहीं कर सकतीं। मेरा सदन के सदस्यों से यही निवेदन है कि उनको श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट के लिए मौन धारण करें।

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members, I associate myself with the feelings expressed in the House. Today is a great day of sacrifices. On this day, Sardar Bhagat Singh, Sukhdev and Raj Guru sacrificed their lives for the sake of freedom of our country and we succeeded in getting freedom from the British Empire, with the sacrifices of these great patriots and also with the efforts made by the Mahatma Gandhiji and their followers. There were two groups at that time, one group believed in non-violence and the other believed in achieving the aim of freedom through making their sacrifices in the way in which these great patriots sacrificed their lives. These patriots wanted to give warning to the British Rulers to go to their country back and great freedom to India. Today's India is only due to the great sacrifices made by such great Freedom Fighters and Patriots and the best way to pay homage to these patriots is to protect our country from inside and outside forces with full devotion and determination. The integrity of the country can only be protected by selfless service to the country and I hope that we all will follow the spirit of sacrifice.

In the end, I again pay my homage to these great patriots. Now, I request all the members to Kindly stand up in their seats for observing two minutes silence as a mark of respect to these great sons of India.

(At this stage, the House stood in silence for two minutes as a mark of respect to the memory of the great patriots)

---

## स्वतंत्रता सेनानी का अभिनन्दन

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members, Ch. Ranbir Singh, a freedom fighter, father of the Chief Minister, is present in the House today, in the V.I.P. Gallery. I, as Speaker and on behalf of the Members, welcome him.

---

## सदस्यों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान

**Mr. Speaker :** Now, Hon'ble Members will be sworn in. I call upon Shri Jai Singh Rana, M.L.A., to make and subscribe the oath or affirmation.

(The Hon'ble Member was not present.)

Now, I call upon Shri Om Parkash Chautala, M.L.A., to make and subscribe the oath or affirmation.

(The Hon'ble Member was also not present.)

---

## 2005-2006 के लेखानुदान प्रस्तुत करना (तीन मास अर्थात् अप्रैल, मई तथा जून, 2005 के लिए)

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members, now the Finance Minister will present the Vote-on-Account 2005-2006 (for three months, i.e. April, May and June, 2005).

**Finance Minister (Sh. Birender Singh) :** Sir, I take privilege to present to this August House the Vote-on-Account for the year 2005-2006.

Hon'ble members would please note that this is only an interim budget being presented to obtain a Vote-on-Account to meet the operating expenditure of the State Government for the first three months of the next year. Normally, the proposals for next year's plan size and level of central assistance are considered by the Planning Commission in the month of January every year. But the Planning Commission decided these proposals to be considered after formation of next Government in the State after general assembly elections. As such, the annual plan outlay and the quantum of central assistance would be finalized by the Planning Commission in the Chief Minister level discussions which would be held some time in the next financial year. The Indian National Congress had gone to the people with a set of proposals/measures elucidated in our election manifesto. These touched every aspect of economy right from Agriculture to Industry and from social sector to employment. The manifesto reflects the pro-common man philosophy of my party which shall be explained and dealt with at length when I present the annual budget. In the meanwhile, we propose to make a re-assessment of the availability of plan resources in view of the changed scenario so as to enable us to obtain a larger plan size based on reassessed resources.

Our Government, therefore, proposes to obtain a Vote on Account on the basis of current year's revised estimates. The full year budget will be presented to the house in its next session. While doing this, we have taken into account the seasonal requirements and other committed liabilities which are likely to occur during this period. As such, adequate provisions have been made for the expenditure on calamity relief works, food procurement, drainage & flood control, debt-servicing etc.

Speaker Sir, before I turn to the priorities and commitments of our Government, I wish to take this opportunity to offer Government's deep sorrows and sympathies on the loss of lives and properties caused by tsunami tragedy. The tremors that lasted a few agonizing moments brought unimagined catastrophe to some parts of India and the neighboring countries. The Union Government responded to the situation promptly and sanctioned a sizeable relief package. Almost all the State Governments and other voluntary organizations came forward to provide financial support to the affected people and the areas. I am quite hopeful that the relief assistance would help the affected people rebuild their lives, society and economy.

[Sh. Birender Singh ]

Hon'ble members are aware that the present Government came to power with a massive popular mandate. State assembly elections in February, 2005 was a vote for change. It was a vote in favour of a new thinking, a new leadership, new policies and new focus. I have the pleasure to acknowledge the overwhelming public support, faith and belief that the citizens have reposed in our policies and actions. I also reaffirm my belief that under the dynamic leadership of our Chief Minister, our Government would come true to the expectations and aspirations of the people of the State through clean and transparent governance.

**Economic Situation**

I take it as my duty to apprise this August House of the economic situation during the current financial year. The UPA Government, which came to power at the Centre in May, 2004, under the able leadership of Dr. Manmohan Singh, Prime Minister, has charted a new path of development that has given an impetus to the economy. The growth rate of national economy in the current year is estimated to be 6.9 percent. The GSDP of our State recorded a growth of 12.8 percent during 2003-04 to Rs. 74970 crore on current prices from Rs. 66,455 crore in 2002-03. On constant (1993-94) prices, it rose to Rs. 39,993 crore in 2003-04 from Rs. 36,834 crore in 2002-03, recording a growth of 8.6 percent.

The structural composition of the State economy reveals that agriculture sector still continues to occupy a significant position in State economy, although its contribution to GSDP is gradually declining. The contribution of the primary sector to GSDP declined to 29.6 percent in 2003-04 from 42.5 percent in 1993-94 and that of secondary sector rose to 27.8 percent from 26.2 percent and the tertiary sector to 42.6 percent from 31.3 percent in 1993-94. The per capita income on current prices increased to Rs. 29963/- in 2003-04 from Rs. 26974/- in 2002-03 and on constant (1993-94) prices, it rose to Rs. 15721/- from Rs. 14694/- in 2002-03.

**Financial Administration**

Speaker Sir, financial administration is the backbone of the State administration. Financial administration is presently facing new challenges. The economic reforms initiated in 1991 by the then Union Finance Minister Dr. Manmohan Singh, now our Prime Minister, yielded tangible results and brought the national economy back on rail. The next course of action would, therefore, be consolidation of the gains of the reforms initiated in the past by following the path of fiscal prudence. The rising revenue deficit and fiscal feficit of the States call for immediate attention. Expenditures on establishment, pensions and interest payments have become a cause of concern. Debt liability of the States has become unsustainable. Restoration of fiscal balance is, thus, the need of the day.

The Central Government has accepted the recommendations of the Twelfth Finance Commission. The Commission has made certain suggestions for fiscal stability at State level. The central devolution to the States, to a great extent, has been linked to the fiscal performance of the States. The recent budget proposals

of the Union Finance Minister also indicate some more stringent measures for fiscal correction to improve fiscal health of the States. We are examining the recommendations of the Twelfth Finance Commission and the budget proposals of the Central Government. The measures, suitable to the State Government, would be considered. However, it should be our endeavour to increase our revenues and re-orient expenditure to pay for more outlays on education, health, agriculture, industry, social and economic infrastructure. Our Government will, therefore, strive hard to increase its revenue base, contain expenditure on establishment and limit borrowings only to finance capital expenditure and investment in priority areas.

The present Government would constantly and continuously analyse and review the financial position of the State. The finance accounts for the year 2003-04 have reported a fiscal deficit at Rs. 2933 crore. The debt liability has reached the level of Rs. 27485 crore including State guarantees of Rs. 5869 crore on 31-3-04, as a result, the interest payments have increased to Rs. 2113 crore. The consolidated debt stock constitutes 36.66 percent of the GSDP. Growth in these fiscal indicators needs to be checked and contained. A composite strategy of revenue augmentation, expenditure containment and debt management would need to the followed in order to achieve fiscal stability.

**Tax Administration**

Speaker Sir, we propose to tone up and streamline the tax administration with the dual objective of public convenience and raising resources. Value Added Tax (VAT), which is a buoyant and transparent tax system, has been misdirected by the previous Government. We would review various aspects of VAT suitably. We have also reversed the excise policy being followed by the previous Government and have prevented cartelisation and monopolistic regime in liquor auctions. Now, it would be more beneficial to small players as well as the State exchequer. We also propose to simplify the rules and procedures of various taxes for better compliance.

**Our Priorities**

Now, I would like to highlight the priorities and commitments of the present Government. Hon'ble members would agree that the previous Governments did not have a comprehensive long-term approach towards the development of the State. Its policies created various development gaps. It becomes a daunting task for the present Government to build a road map for balanced development. We would have to re-allocate the public funds so as to enable us to meet the development gaps.

**Transparent & Fair Governance**

It will be the key priority of our Government to provide clean and transparent governance to the people, free from fear or favour and without any political vendetta. The law & order situation in the State is in shambles. Our Government is committed to improve the situation so that every citizen in the State feels safe & secure.

[Sh. Birender Singh ]

Efforts would be made to make the law & order machinery people friendly.

**Natural Calamities**

Hailstorms recently lashed various part of the State causing heavy damage to the standing crops. It becomes our foremost duty to provide adequate relief to the affected farmers. Our Government has got the special girdawari conducted. We have decided to enhance the compensation by 25-50 percent as compared to the previous rate, which is being provided to the affected farmers.

**Power**

Electricity plays a crucial role in the development and growth of the State. Therefore, our primary concern is to provide round the clock assured and affordable power supply to the people. To achieve this objective, we propose to strengthen the working of power utilities. Effective steps would be taken to reduce the transmission and distribution losses and to bring about improvement in other power parameters. We also propose to re-orient the existing thermal power plants, modernize their functioning and improve the plant load factor. My priority would also be to have more hydro-electric power for the State for which concerted efforts would be made to have joint hydro-electric projects with Himachal Pradesh & Uttranchal. Consumer friendly approach would be adopted in regard to power related problems.

**Irrigation**

Our Government realises the importance of irrigation for agriculture. We are, therefore, committed to provide adequate quantity of irrigation water to the farmers. Since availability of river water is limited, our emphasis would be more on water conservation and its distribution. Concerted efforts would be made to rehabilitate and modernize the existing irrigation channels, enhancing the capacity of distributaries, construction of new canals & check dams. We also propose to bring surplus rainy water of various rivulets to raise ground water level and re-charge the arid lands of the State especially the southern parts of Haryana. SYL canal is the life line of agriculture in the State. The present Government is committed to bring Ravi-Beas water to Haryana on priority basis by vigorously pursuing the matter before the Supreme Court and the Union Government.

**Agriculture**

Agriculture continues to be the mainstay of 70 percent of the population and contributes 29.6 percent to the State income. This sector is beset with serious difficulties. Hence, we accord highest priority to this area. Faulty policies, obsolete planning and spurious inputs have greatly damaged the agricultural fabric of the State. Besides, the agriculture sector is also facing the problems of marketing, storage, farm credit etc. Our Government is committed to address these problems. We, therefore, propose to make innovative changes in the agricultural practices. Emphasis would be laid on diversification of cropping pattern and marketing of

agricultural produce at remunerative price. We also propose to introduce a crop insurance scheme so as to safeguard the farmers from crop failure. A revolving fund would be set up to facilitate the farmers and the agricultural labourers to get loans at lower rates of interest.

Haryana is the largest exporter of basmati rice in the country. The present Government would set up export zones for the export of rice, and other commodities. Necessary steps would be taken to provide information about the rates of different commodities in various part of the country. Indebtedness of farmers is a serious problem in the State and if not attended to seriously in the immediate future, it might give rise to the kind of extreme distress which forced indebted farmers to commit suicide in large numbers in Andhra Pradesh & Punjab. Suitable & effective measures in tune with the approach adopted under the UPA's common minimum programme would be taken so that the farmers could be extricated from the debt trap. Our Government will take all necessary steps to provide adequate agricultural credit facilities at a reasonable rate.

Animal Husbandry plays a key role for the rural economic development. Promotion of dairy activities would greatly help making small farming viable. Ambitious programmes would be taken up towards the genetic improvement of the milch animals and to keep them disease free.

**Education**

Quality education is a pre-requisite for human resource development. This sector is lacking in quality and infrastructure. This has resulted in mushroom growth of private/public educational institutions. Universalization of elementary education with expansion of schooling facilities and qualitative improvement in education is the major thrust area of the present Government. Special enrolment drives would be launched with cooperation of the local community and wide publicity would be given to create awareness amongst people about the need and importance of education. Effective steps would be taken to rejuvenate the education system in the State. Our Government would review the situation of technical institutions and effective steps would be taken for quality improvement in technical education. Similarly, effective steps will also be taken to revamp the education in degree colleges. All Universities in Haryana would be made centres of excellance. We propose to set up an "education city" on the pattern of Oxford University to impart quality education to the youth. 25 percent seats will be reserved for the domicile of Haryana.

10.00 बजे

**Health**

The present Government is committed to raise the health status of the people. The health institutions in the State are lacking in infrastructure, medical personnel, medicines and other health care facilities. We, therefore, propose to initiate effective steps to improve the working conditions of all Primary Health Centres, District Hospitals, PGIMS Rohtak and Agroha Medical College. Emphasis would also be laid on improvement of basic facilities like potable drinking water,

[Sh. Birender Singh ]

hygienic surroundings and such other facilities which help keeping the common citizens free from diseases. The lowest female ratio of 861 per thousand male in the State has become a cause of serious concern. All preventive measures would be taken to improve the sex ratio.

**Employment**

Unemployment is a buring problem these days posing a serious threat to the society. Avenues for Government jobs are limited. In the absence of gainful employment, a large number of youth have become frustrated and are indulging in illegal activities causing law and order problem. The meagre un-employment allowance given by the previous Government is no remedy. The present Government is, thus, committed to create gainful employment opportunities in the public and the private sectors. This shall not remain a mere slogan, but is a commitment that our party president, Smt. Sonia Gandhi, has made to the nation and we shall make all out efforts to implement this in letter and spirit. Avenues for self-employment would also be promoted. Scheme to advance loan to artisans and other self-employed persons at reasonable rate of interest would be introduced. Avenues for creating employment opportunities in agriculture, industries and services sectors would also be explored. The system of e-governance would be promoted in all Government and non-Government organizations to bring in efficiency and creating employment opportunities.

**Urban Development**

Hon'ble Speaker Sir, our Government is equally concerned about the integrated urban development and is committed to ensure provision of best municipal and civic amenities. The central funds coming to the State for urban development would be judicially allocated and optimally utilized.

**Industries**

There is a great potential for industrial growth in the State. Since the previous Government had no major industrial thrust, this potential has not been fully exploited. Our Government is committed to rapid industrial growth in the State duly backed with supportive policies and conducive investment climate. Special schemes will be devised to set up big industrial units in the public, private and joint sector. Effective steps would be initiated to attract foreign direct investment. A new industrial policy will very soon be announced.

**Social Welfare**

We are committed to provide social security cover to the vulnerable social groups in order to raise their socio-economic status. The welfare pension schemes for senior citizens, widows, handicapped persons and destitutes would be continued and it would be ensured that pension amount is disbursed by seventh of each month. Backlog of Government jobs reserved for Scheduled Castes and Backward Classes will be cleared and the reservation policy will be implemented in

letter & spirit. We propose to provide suitable jobs to the wards of service-men of Haryana who die in harness. Special programmes for child development and women empowerment would be launched. We also propose to revise the pension amount of ex-servicemen and freedom fighters.

**Decentralization of Power**

The 73rd and 74th Constitutional amendments provide for empowerment of rural and urban local bodies. The previous Government has not devolved any power, functions and funds to these local bodies. Rather it divested them of their power by creating extra constitutional bodies like Gram Vikas Samities which will be now reviewed. Our Government is committed to transfer financial and administrative powers to all tiers of Panchayati Raj Institutions.

**Government Employees**

Government employees are the backbone of State administration. Our Government is deeply concerned with the welfare of its employees. A large number of categories do not have adequate promotional avenues. Many employees of the Boards & Corporations have been retrenched. We propose to consider favourably various problems being faced by the employees. At the same time, I do hope that the employees would, in turn, cooperate the administration in the implementation of Government policies & programmes.

With this background, highlighting the priorities and programmes of the present Government, I commend the vote on account for the first three months of the next financial year i.e. from April to June, 2005, to this August House for consideration & approval.

Jai Hind !

---

## 2004-05 के अनुपूरक अनुमान (दूसरी किस्त) पर चर्चा तथा मतदान

(i) राज्य के राजस्वों पर प्रभारित खर्च के अनुभागों पर चर्चा,

(ii) अनुपूरक अनुमानों की मांगों पर चर्चा तथा मतदान

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members, now, the discussion and voting on the Supplementary Estimates 2004-2005 (Second Instalment) will take place. As per the past practice, in order to save the time of the House, the demands on the order paper will be deemed to have been read and moved together. The Hon'ble Members can raise discussion any on demand but they are requested to indicate the demand number on which they wish to raise the discussion.

> That a Supplementary sum not exceeding **Rs. 90,04,000/-** for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 2005 in respect of **Demand No. 2-General Administration.**

[Mr. Speaker ]

That a Supplementary sum not exceeding **Rs. 1,000/-** for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 2005 in respect of **Demand No. 6-Finance.**

That a Supplementary sum not exceeding **Rs. 1,000/-** for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 2005 in respect of **Demand No. 7-Other Administrative Services.**

That a Supplementary sum not exceeding **Rs. 1,000/-** for capital expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 2005 in respect of **Demand No. 8-Buildings and Roads.**

That a Supplementary sum not exceeding **Rs. 1,00,01,000/-** for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 2005 in respect of **Demand No. 10-Medical & Public Health.**

That a Supplementary sum not exceeding **Rs. 2,000/-** for revenue expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 2005 in respect of **Demand No. 21-Community Development.**

That a Supplementary sum not exceeding **Rs. 20,99,90,000/-** for capital expenditure be granted to the Governor to defray charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 2005 in respect of **Demand No. 25-Loans and Advances by State Government.**

**Shri Karan Singh Dalal :** Sir, I want to speak on the Vote-on-Account which was presented by the Hon'ble Finance Minister yesterday.

**Mr. Speaker :** Mr. Karan Singh Dalal, you may please speak on the Supplementary Estimates which were presented just now.

**Transport Minister (Shri Randeep Singh Surjewala) :** Sir, the Hon'ble Member knows that Vote-on-Account is not a matter of discussion as per the convention and that has been followed. He had been the Parliamentary Affairs Minister. If he wants to speak on Supplementary Estimates then he is welcomed to speak.

**Mr. Speaker :** Mr. Karan Singh Dalal, you have to discuss the Supplementary Estimates. If you want to speak on Vote-on-Account then that will come later on.

**श्री कर्ण सिंह दलाल (पलवल)** : अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं आपके माध्यम से सदन के नेता माननीय मुख्यमन्त्री जी तथा वित्त मन्त्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि हरियाणा के लोगों ने जो इतने प्रतिशत बहुमत से सरकार बनाकर यहां पर भेजी है उस सरकार से लोगों को बहुत बड़ी उम्मीदें लगी हुई हैं। इसलिए हम सब का दायित्व बनता है, हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि प्रदेश के लोगों की भलाई के लिए हम ज्यादा से ज्यादा अच्छे तरीके से काम करने की कोशिश करें और यह कोशिश आज यहां पर दिखाई भी दे रही है। अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मैं माननीय वित्त मन्त्री जी को बताना चाहूंगा कि आज स्पैशलाईजेशन का जमाना है। ग्लोबलाईजेशन के इस युग में आज किसी भी विभाग, विभाग की किसी भी गतिविधि की दुनिया की बेहतरीन तकनीकों की जानकारी हमें होनी चाहिए। जो लोग स्पैशलाईजेशन के हैं, वे चाहे किसी भी विभाग में हैं उनसे सम्पर्क स्थापित करना चाहिए और उनकी सेवाएं लेकर आगे विभागों की कार्य-प्रणाली में सुधार लाया जा सकता है। अगर ऐसा किया जाता है तो यह बहुत ही अच्छी बात होगी। आज हरियाणा में सबसे बड़ी हमारी जो चिन्ता है वह पिछली सरकार द्वारा लिये गए कर्जे की है। उस सरकार ने लोगों के सिर पर इतना बड़ा कर्जा खड़ा कर दिया है कि प्रदेश की कमाई उस कर्जे की अदायगी में जाने लग रही है। इसके बारे में माननीय वित्त मन्त्री जी तथा हरियाणा सरकार को बहुत गम्भीरता से विचार करना चाहिए। मुझे यह कहने में कोई भी संकोच नहीं है कि अगर इस कर्ज को उतारने में हमें अपने कुछ कामों को रोककर भी पहले कर्जों की अदायगी करनी पड़े तो करनी चाहिए और इसके लिए हरियाणा के लोगों से निवेदन करने में भी कोई संकोच नहीं करना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, अगर हरियाणा के लोगों के सिर पर इसी प्रकार से कर्ज का बोझ पड़ा रहा तो हम आने वाले समय में अपनी ग्रोथ को मेनटेन नहीं कर पाएंगे । इसके लिए वित्त मन्त्री महोदय चाहे जो भी तरीके अपनाना चाहें वे अपनाएं यानि वे उन पर विचार कर सकते हैं। अलग-अलग विभागों से सप्लीमैंट्री के रूप में यहां पर जो डिमाण्ड्स पेश की हैं वे तो पास हो जाएंगी। स्पीकर सर, माननीय वित्त मन्त्री जी ने यहां पर लेखानुदान पेश किए हैं और अप्रैल, मई और जून की डिमाण्ड्ज यहां हाउस में रखी हैं। मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि अप्रैल, मई और जून के बाद जब माननीय वित्त मन्त्री जी हरियाणा का बजट प्रस्तुत करेंगे तो वह बजट सत्र होगा। स्पीकर सर, मैं यहां पर यह भी कहना चाहूंगा कि बजट सत्र के फौरन बाद बारिश के आने का समय होगा। अध्यक्ष महोदय, मुझे याद है कि पिछली बरसात में आपके इलाकों में और दूसरे इलाकों में बाढ़ आने से काफी नुकसान हुआ था। इसलिए सरकार को बारिश आने से पहले ही सचेत रहना चाहिए और विभाग को पहले ही आदेश दे देना चाहिए ताकि वे बरसात से पहले ही बाढ़ आदि से निपटने की तैयारी कर लें। अगर बरसात के मौसम में बाढ़ आती है तो विभाग उससे निपटने के लिए पहले से ही सचेत होगा जिसकी वजह से लोगों का और सरकार का नुकसान होने से बच जाएगा। कल जो मुख्यमंत्री जी ने सदन में कहा है उससे सारे प्रान्त में बहुत अच्छा संदेश गया है। मुख्यमन्त्री जी ने कहा कि अगर कोई अधिकारी अच्छा काम करेगा तो उसको प्रोत्साहन दिया जाएगा और अगर कोई ठीक काम नहीं करेगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही होगी। मैं भी यही कहूंगा कि जो अधिकारी ठीक काम न करे उसको सजा देनी भी चाहिए। यह संदेश हरियाणा सरकार की तरफ से लोगों में जाने से प्रदेश के लोगों में एक नई उम्मीद बढ़ी है कि अब प्रदेश में अच्छे काम होंगे। अध्यक्ष महोदय, पिछली सरकार के वक्त में वैट प्रणाली को लागू करने के लिए जोर जबरदस्ती की गई थी उस बारे में मुख्यमन्त्री जी ने सदन में अच्छी राय दी है। अध्यक्ष महोदय, वैट प्रणाली केवल हरियाणा से जुड़ी हुई नहीं है। हमारी सरकार को, जो हमारे प्रदेश के व्यापारी हैं और उद्योगपति हैं, उनको बुलाकर

[श्री कर्ण सिंह दलाल ]

उनके साथ बैठकर बातचीत करके उनसे इस बारे में सुझाव भी लेने चाहिए। अध्यक्ष महोदय, अगर वैट प्रणाली को सभी प्रदेश इकट्ठे लागू करते हैं तो व्यापारियों और उद्योगपतियों को उस बारे में कोई प्रोब्लम नहीं होनी चाहिए। अगर सभी प्रदेश इकट्ठे लागू नहीं करते हैं तो इस बारे में हमारे मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि वैट प्रणाली को लागू रखने के बारे में पुनः विचार किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदय, बिजली के बारे में कुछ अच्छी बातें कही गई हैं। अध्यक्ष महोदय, पिछली सरकार के वक्त में बिजली की खरीद में बहुत सी गलत बातें हुई हैं। हमारी सरकार ने दूसरे प्रदेशों से बिजली खरीदने की प्रणाली को लागू किया हुआ है। जो प्रदेश हमें सस्ती बिजली दे रहा हो तो उस प्रदेश से ही हमें बिजली खरीदनी चाहिए लेकिन पिछली सरकार के वक्त में उस वक्त के मुख्यमंत्री जी ने अपने ही आदमियों को प्राईवेट ट्रेडर्ज के रूप में सिक्किम और उत्तरांचल में बिठा दिया था और उनसे महंगी बिजली खरीदी थी। अध्यक्ष महोदय, यह बहुत ही बड़ा स्कैंडल है और मेरी आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी से मांग है कि इस बारे में जांच होनी चाहिए। पिछली सरकार द्वारा बिजली खरीदने की वजह से हरियाणा सरकार के खजाने को बहुत चोट पहुंची है। हमारा जो बिजली का कारपोरेशन है उसको ही बिजली खरीदने का काम करना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, पिछली सरकार के वक्त में जिन प्रदेशों से बिजली खरीदी थी उस बारे में रिकार्ड वहां की सरकार के पास नहीं है बल्कि वह रिकार्ड उन प्राईवेट ट्रेडर्ज के पास है जिनसे बिजली खरीदी गई थी। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि इस स्कैंडल की जांच होनी चाहिए कि कितनी बिजली हरियाणा सरकार ने उन प्राईवेट ट्रेडर्ज से खरीदी है और कितना भुगतान उन प्राईवेट ट्रेडर्ज को किया गया है और पॉवर कारपोरेशंज को कितना भुगतान किया गया है ? अध्यक्ष महोदय, अगर आज भी हरियाणा को उन प्राईवेट ट्रेडर्ज से बिजली सप्लाई हो रही है तो उन पर रोक लगनी चाहिए। पिछली सरकार के वक्त में एक ही काम होता था कि कहां से कैसे ज्यादा से ज्यादा पैसा निकाला जाए। आज हमारे जो मुख्यमंत्री बनें हैं और प्रदेश में जो विधायक चुनकर आए हैं वे आपकी अध्यक्षता में सदन में अच्छे सुझाव देंगे और आपकी अध्यक्षता में जो भी फैसले होंगे उनसे हरियाणा का बहुत बड़ा फायदा होगा। इसी तरीके से सिंचाई की बात भी हमारे प्रदेश के लिए चिंता का विषय है। स्पीकर सर, जो डिमांड्स सरकार ने प्रस्तुत की हैं उनके बारे में भी मैं कहना चाहूंगा। हमारा जो सिंचाई का रिकार्ड है उसको देखकर मुझे हैरानी होती है, बाकी तो सिंचाई विभाग के लोग ही उस बारे में जानते होंगे। सिंचाई मंत्री जी यहां पर बैठे हैं वे भी उस बारे में शायद जानते होंगे। मैंने तो अखबारों में पढ़ा था कि पंजाब से ज्यादा हरियाणा की इरीगेटेड लैंड है। पता नहीं यह गलत है या सही है लेकिन मैंने तो यह बात अखबार में पढ़ी थी। स्पीकर सर, धान और गेहूं की फसल का जो चक्र है इसको समाप्त करने के लिए सरकारें कहती तो रही हैं लेकिन इस बारे में ठोस कार्य पिछली सरकारें नहीं कर पायीं। मैं आदरणीय कृषि मंत्री जी से और वित्त मंत्री जी से इस बात के लिए निवेदन करता हूं कि दक्षिण हरियाणा में नहरी पानी देने के साथ-साथ सरकार को स्प्रिंकलर सैट्स की व्यवस्था को भी मजबूत करना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, इससे बड़ी हैरानी कोई नहीं होगी कि पिछली सरकार के वक्त कृषि विभाग में स्प्रिंकलर सैट्स खरीदने की जो हाई पावर परचेज कमेटी थी जिसको एच०पी०सी० कहते हैं व्यवस्था के अनुसार तो इसके अध्यक्ष कृषि मंत्री हुआ करते हैं लेकिन पिछले कुछ सालों में मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला को हमेशा यह चिंता रहती थी कि अगर उन्होंने किसी कमेटी की अध्यक्षता नहीं की तो कहीं वे कमीशन से वंचित न रह जाए इसलिए वे खुद ही उसकी भी अध्यक्षता किया करते थे। अध्यक्ष

महोदय, जब मैं कृषि मंत्री हुआ करता था तो हमने विभाग को एक सुझाव दिया था कि स्प्रिंकलर सैट्स बजाए प्राईवेट ट्रैडर्ज से खरीदने के हरियाणा ऐग्रो इंडस्ट्रीज जो कि सरकार का एक कारपोरेशन है, के द्वारा खरीदे जाने चाहिएं । हरियाणा एग्रो इन्डस्ट्रीज कारपोरेशन को बाकायदा लिखकर भी हमने सुझाव दिया था उन्होंने कहा था कि वे स्प्रिंकलर सैट्स बाजार की कीमत से चौथाई कीमत पर देने के लिए तैयार हैं। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह इन स्प्रिंकलर सैट्स को खरीदने के लिए हरियाणा ऐग्रो इंडस्ट्रीज कारपोरेशन को कहें ताकि जिस तरह से किसान पहले इन स्प्रिंकलर सैट्स को खरीदने के लिए प्राईवेट ट्रैडर्ज से लूटते थे उस तरह से किसान अब इनसे लूटने से बच जाएं। हरियाणा ऐग्रो इंडस्ट्रीज कारपोरेशन ही इन स्प्रिंकलर सैट्स को किसानों को उपलब्ध करवाए, अगर ऐसा होगा तो इससे किसानों को बहुत फायदा होगा और हमारी सिंचाई की व्यवस्था में भी सुधार होगा। आज धान की फसल के बारे में इसलिए भी पुनर्विचार करने की जरूरत है क्योंकि धान की फसल के लिए 1500 मिलीमीटर बारिश की जरूरत होती है जबकि हरियाणा में एवरेज 400 या 500 मिलीमीटर बारिश होती है। अध्यक्ष महोदय, किसान अपना खेत खाली तो रखेगा नहीं इसलिए धान की फसल ज्यादा न बोयी जाए तो इसको कम करने का एक ही तरीका है कि दूसरी फसल जैसे गन्ने की फसल है वह अधिक बोयी जानी चाहिए। स्पीकर सर, गन्ने की फसल के लिए हमारा हरियाणा बहुत उपयुक्त माना जाता है लेकिन मैं आपको बताना चाहूंगा कि गन्ने की उपज को बढ़ाने के लिए हरियाणा में किसानों को क्या परेशानियां भुगतनी पड़ती हैं। जब गन्ना ज्यादा हो जाता है तो शुगर मिल किसानों को पर्ची देने में और उनके गन्ने को समय पर लेने में उनको तंग करने लगती हैं तो किसान तंग होकर गन्ना बोना बंद कर देते हैं और जब अगले साल गन्ना कम होता है तो शुगर मिल्ज को परेशानी होने लगती है। बाद में शुगर मिल अपने इलाके को घटाने बढ़ाने लगती हैं जिसके कारण किसानों को समस्या का सामना करना पड़ता है। इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि इस बारे में एक सर्वे फिर से हरियाणा में करवाया जाना चाहिए और यह पता लगाया जाना चाहिए कि कहां कहां पर नये सिरे से शुगर मिल को लगाया जा सकता है और कहां कहां पर इनकी कैपेसिटी बढ़ायी जा सकती है। अध्यक्ष महोदय, पिछली सरकार के मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के पास कृषि विभाग ने लिखकर प्रस्ताव भेजा था कि चौटाला साहब, सिरसा जिले में चीनी मिल नहीं लग सकती लेकिन उन्होंने जबरन मनमानी करते हुए हरियाणा प्रदेश के करोड़ों रुपयों को समाप्त करने के लिए सिरसा में चीनी मिल लगायी। लेकिन आज उसकी क्या हालत है ? उस चीनी मिल को गन्ना नहीं मिल रहा है इसलिए वह चीनी मिल बंद पड़ी हुई है। अध्यक्ष महोदय, इतने सौ करोड़ रुपयों की राशि बेकार करने के लिए अगर एक आदमी मनमानी करता है और प्रदेश के लोगों को इस तरीके से हांकने की कोशिश करता है, खजाने का नुक्सान करता है तो मेरा सरकार से निवेदन है कि उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, मेरा कहना यह है कि अगर उस मिल को चलाने की कोई गुंजाइश है तो उसको चलाएं लेकिन अगर कोई जोर जबरदस्ती हुई तो यह ठीक नहीं होगा। अध्यक्ष महोदय, यह लोगों को गुमराह करने की और सरकार के खजाने को नुक्सान पहुंचाने की कोई साजिश थी। अगर वह साजिश थी तो इस पर कार्यवाही होनी चाहिए। जहां कहीं भी सरकार उपयुक्त समझे, जहां प्रदेश के लोगों की जरूरत हो, वहां ये मिल्ज होनी चाहिएं। अध्यक्ष महोदय, सरकार को इस बारे में पुनः विचार करना चाहिए। स्पीकर सर, मुख्यमन्त्री जी की तरफ से प्रशासन में पारदर्शिता लाने की बात कही गई है। स्पीकर सर, इस बारे में मेरा आपके माध्यम से एक सुझाव है कि जो एडमिनिस्ट्रेशन के कार्यालय हैं वे एक

[श्री कर्ण सिंह दलाल]

स्थान पर होने चाहिएं। मिसाल के तौर पर आपके जो डिस्ट्रिक्ट आफिसेज हैं उनमें चण्डीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन की तरह काम होने चाहिएं। चण्डीगढ़ में अगर किसी ने ड्राईविंग लाइसैंस बनवाना है या रजिस्ट्रेशन करवाना है या लाइसैंस रिन्यू करवाना है तो वहां पर रोज-रोज धक्के खाने की जरूरत नहीं होती है यहां पर आपको एक रसीद दे दी जाती है कि कब आपको लाइसैंस तैयार होकर मिल जाएगा। फाइल पर तारीख और समय लिखा जाता है कि कब किस ऑफीसर को पुटअप की गई, और कब उसने निकाल दी, ये सारी टिप्पणी उस पर आ जाती हैं। उससे यह भी पता लग जाता है कि किस ऑफीसर ने काम किया, किस कर्मचारी ने काम किया या नहीं किया, नहीं किया तो क्यों नहीं किया ? देरी से काम करने पर जवाबदेही हो सकती है। आज हरियाणा में इस तरह की कार्य प्रणाली लाने की जरूरत है। जैसे डी०सी० का ऑफीस है, तहसीलदार का ऑफीस है या पुलिस स्टेशन है ये सब एक जगह पर होने चाहिएं। (विघ्न)

**श्री अध्यक्ष :** दलाल साहब, यह जो खर्च हो चुका है उसके बारे में हम बात कर रहे हैं अगली बार जब ऐसा करेंगे तो फिर कहना।

**श्री कर्ण सिंह दलाल :** अध्यक्ष महोदय, मैं तो यही सुझाव दे रहा हूं कि जो अब तक हुआ है अब उसमें बदलाव की जरूरत है। सर, डिस्ट्रिक्ट ऑफिसेज को मजबूत बनाने की जरूरत है। वहां की वर्किंग को बहुत अच्छा बनाने की जरूरत है। पिछली सरकार में रिवायत थी कि अगर किसी ने लाइसैंस बनवाना है या रिन्यू करवाना है तो वह 6-7 महीने तक घूमता रहे, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं होती थी। इसी तरह से राशन कार्ड की व्यवस्था को भी ठीक किए जाने की जरूरत है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूं कि ये जो डिमांड्ज आई हैं इनको तो पास करें लेकिन भविष्य में हर विभाग में जो भी सुधार ला सकते हैं, लाये जाएं। अगर हम ऐसा कर पाते हैं तो यह प्रदेश के लोगों के लिए बहुत अच्छी बात होगी। अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे डिमांड्ज पर बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**वित्त मंत्री (श्री बीरेन्द्र सिंह) :** अध्यक्ष महोदय, जो सप्लीमैंट्री डिमाण्ड्ज नं० 25 है यह 20.99 लाख रुपये की है और यह पिछली सरकार ने जो पैसे खर्च किए थे उसके बारे में हैं। बाकी डिमाण्ड्ज तो हमने सिर्फ प्लान के मुताबिक दी हैं जैसे कि 2000 में कोई नई स्कीम बनाई गई थी उसके लिए नौशनल पैसा डालने के लिए हमने डिमाण्ड रखी है। कई डिमाण्ड्ज तो एक हजार रुपये की हैं डिमाण्ड्ज नम्बर 6,7 और 8 एक-एक हजार रुपये की हैं। 31 तारीख तक अगर इन सप्लीमैंट्री डिमाण्ड्ज की जब तक हाउस की सैंक्शन नहीं मिलेगी तब तक खर्चा नहीं हो सकेगा। स्पीकर सर, दलाल साहब ने वोट ऑन एकाउंट पर चर्चा की है, इन्होंने सप्लीमैंट्री डिमाण्ड्ज पर चर्चा नहीं की है। लेकिन फिर भी मैं एक-दो बातें जो इन्होंने की हैं उनका जिक्र जरूर करना चाहूंगा। एक तो आप देखेंगे कि हमने तीन महीने में जो संभावित खर्चे आ सकते हैं उनके लिए पैसा रखा है जैसे नेचूरल कलैमिटिज हैं, फल्ड्ज हैं या जैसे पिछले दिनों ओलावृष्टि हुई थी उनके लिए पैसा रखा है। अध्यक्ष महोदय, आगे बारिश का समय आने वाला है और ड्रेनेज की कई सालों से सफाई नहीं की गई थी जिस कारण से उनमें डाब व घास आदि उग आई है। उनकी सफाई के लिए भी पैसा रखा है। इस पैसे से उनको साफ करवाया जाएगा ताकि बारिश के समय तक ड्रेनेज बनकर तैयार हो जायें। दूसरी बात यह है कि आगे प्रोक्योरमैंट का भी सीजन आ रहा है। गेहूं की फसल मार्केट में आ जायेगी और उसकी खरीद के लिए हमने 900 करोड़ रुपये से ज्यादा रुपया

रखा है जो अगले छ: महीने में हमें वापस मिल जायेगा। क्योंकि एफ०सी०आई० और गवर्नमैंट ऑफ इंडिया से हमें इस पैसे की पेमेंट हो जाती है। तीसरा इन्होंने क्रोप पैट्रन की डाईवर्सिफिकेशन की बात कही है। हमने अपने घोषणा-पत्र में भी यह बात रखी है कि नये तरीके से क्रोप पैट्रन को देखेंगे ताकि किसान का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ सके। (विघ्न) यह बात गवर्नर एड्रैस में भी मैंशन है और माननीय मुख्यमंत्री जी ने भी कल राज्यपाल महोदय के अभिभाषण का जवाब दिया था उसमें भी ये सारी बातें सामने आई हैं। इन्होंने स्पेशलाईजेशन इन ग्लोबलाईजेशन के युग के बारे में, इन्फोर्मेशन टैक्नोलोजी के बारे में और दूसरी डवैल्पमैंट्स के बारे में बात की। Every department should be fully equipped with all the latest information and that is only possible when we computerize the entire system or we have information technology system which can be readily availble regarding all the information not in the country itself but in all the world. इसमें हम यह कर रहे हैं। एक इन्होंने वैट प्रणाली की बात कही। वैट के बारे में अगर आप मेरा भाषण पढ़ेंगे तो उसमें मैंने स्पष्ट कहा है कि अगर पिछली सरकार से इस प्रणाली को लागू करने में कहीं मिस डायरेक्टीड हुआ है तो हम इस वैट को सही तरीके से इम्पलीमैंट करने पर जरूर विचार करेंगे, ताकि हम वैट प्रणाली के जरिये टोटल टैक्स स्ट्रैक्चर में ट्रांसपेरैंसी ला सकें। इस सिस्टम में व्यापारियों और दूसरों के लिए इन्सपैक्टरी राज की जकड़ की जो बात करते हैं, वह इसमें स्वत: ही खत्म होगा और कोई ऐसा प्वाइंट नहीं बचेगा जिसमें कि व्यापारियों को तंग करने के लिए किसी भी सरकारी कर्मचारी, अधिकारी को कोई लीवरेज या उसको कोई हैंडल मिले जिससे वह उसको तंग कर सके। वैट के बारे में जैसा हमने इसमें कहा कि पिछली सरकार में वैट के बारे में मिस डारैक्शंज हुई हैं उसको दुरूस्त किया जाएगा। दलाल साहब ने पॉवर सैक्टर के बारे में कहा है कि दूसरे राज्यों से नकली फर्म बनाकर नकली कम्पनियां बनाकर वहां से बिजली खरीदी गई है और इन नकली फर्मों को करोड़ों रूपये का भुगतान किया गया है इसके बारे में मुख्यमंत्री महोदय ने कल अपने स्पष्ट विचार दे दिए थे कि हम किसी को नहीं बख्शेंगे चाहे कोई कितना ही बड़ा हो। और तो और जिन लोगों ने सरकार के खजाने को लूटने का काम किया है, जिन लोगों ने हरियाणा के लोगों की जो निष्ठा है, प्रजातंत्र में जो उनका विश्वास है उस विश्वास पर आघात करने और चोट करने की कोशिश की है, चाहे वह कोई बड़ा आदमी हो या छोटा आदमी हो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। ज्यों-ज्यों उनके परिणाम सामने आएंगे त्यों-त्यों आप भी उन परिणामों से सहमति जताएंगे कि कांग्रेस की सरकार के इरादे साफ हैं। पिछली सरकार में भ्रष्टाचार करने वालों को नहीं छोड़ेंगे और न आगे किसी भ्रष्टाचारी को बर्दाश्त करेंगे। हमारी सरकार की विचारधारा स्पष्ट है कि अगर नकली कम्पनियों को बनाकर उनसे बिजली खरीदी गई है तो उसकी जांच कराई जाएगी। इसके साथ साथ मैं सदन से यह भी कहूंगा कि जो सप्लीमैंट्री ग्रांट्स हैं इनको यह हाउस अपनी सहमति दे और इन पर अपनी मोहर लगाकर एप्रूवल दें।

**चौ० धर्मपाल सिंह मलिक (गोहाना) :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वाइंट यह है। मंत्री महोदय ने जो सप्लीमैंट्री एस्टीमेट्स पेश किए हैं उन पर दलाल साहब ने अपने विचार रखे हैं लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर सप्लीमैंट्री एस्टीमेट्स खाली सैरीमोनियल हैं कि ये हमने पास करने ही करने हैं तो मेरा इस प्वांयट पर यह कहना है कि जरूरी नहीं कि जो पिछली सरकार ने खर्च कर दिया हम उसको पास करें।

**Mr. Speaker :** It was examined by the Estimates Committee and the Chairperson Estimates Committee has presented the report before the House.

**चौ० धर्मपाल सिंह मलिक :** अध्यक्ष महोदय, मैं वही बात कहना चाहता हूं कि इसका अल्टरनेट हमें निकालना है। हम सब यहां बैठें हैं और इसके लिए हम कानून बना सकते हैं, या कानून बदल सकते हैं। अगर किसी के द्वारा कोई गलत काम किए गए हैं तो यह हाउस उनके अगेन्स्ट कार्यवाही करने के लिए कानून बनाये और उसको पास करे। ओम प्रकाश चौटाला की पिछली सरकार ने जो गलतियां की हैं, जो एक्सैस पैसा खर्च किया गया है उनसे उसकी सारी रिकवरी की जाए।

**श्री बीरेन्द्र सिंह :** अध्यक्ष महोदय, आनरेबल मैम्बर ने जो बात कही वह ठीक कही कि जो उन्होंने किया है, उसको आप क्यों पास कर रहे हैं ? ये दोनों अलग अलग चीजें हैं, हमें सरकार रन करनी है, हम कोई ऐसा काम नहीं करेंगे जो गैर संवैधानिक हो। जिन्होंने गलत काम किए हैं उनके ऊपर कार्यवाही करने का हमने आश्वासन दिया है और यह उसी का हिस्सा है। गलत काम करने वाले को सजा मिलेगी। हमें सरकार चलानी है तो संविधान में जो प्रावधान हैं हमें उनको फालो करना पड़ेगा।

**श्री मांगेराम गुप्ता :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है।

**श्री अध्यक्ष :** मांगेराम जी, आप बैठिए।

**श्री मांगेराम गुप्ता (जींद) :** अध्यक्ष महोदय, मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा। मैं कह रहा था कि जो एस्टीमेट्स वित्त मंत्री जी ने पेश किए हैं इस पर बहस करना जरूरी नहीं है। लेकिन जो बजट बनता है वह एस्टीमेटस ही बनते हैं और उस पर आप कन्फाइन नहीं कर सकते कि जितना पैसा बजट में पास हुआ है उस पर वही खर्च हो। हालात के मुताबिक, महंगाई के मुताबिक और जरूरत के मुताबिक वह खर्चा उस डिमांड में बढ़ भी सकता है और घट भी सकता है। जब खर्चा हो ही गया तो फिर सरकार कोई भी आए। उस सरकार ने जो पैसा खर्च किया है सदन से उसकी मंजूरी लेना जरूरी है और इसलिए यह सरकार सदन से मंजूरी ले रही है।

